# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–19 दिसंबर 2024** **सान्ध्य समाचार**

प्रदेश सरकार पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म शताब्दी समारोह सुशासन सप्ताह के रूप में मनाएगी। पचीस दिसंबर तक चलने वाले इस समारोह का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में शुभारंभ किया। इस मौके पर संवाददाताओं से बातचीत में मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि अटल जी भारतीय राजनीति के अजातशत्रु कहे जाते हैं। अटल जी सुशासन के प्रतीक माने जाते हैं। उनको समर्पित सुशासन सप्ताह का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से शुभारंभ हुआ है जिसके तहत सभी जिलों में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

**********

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने आज मिर्जापुर जिले के बरही गांव पहुंच कर ग्रीन आर्मी समूह की महिलाओं से मुलाकात की। समूह की महिलाओं ने उनके सामने शराब मुक्ति संबंधित नुक्कड़ नाटक पेश किया। इस मौके पर राज्यपाल ने शहीद चन्द्र प्रकाश के परिवारीजनों को तीन लाख रूपये का चेक दिया । उन्होंने केंद्र और प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को भी चेक और अन्य सामग्री वितरित किया।

**********

चंदौली जिले के सैयदराजा नगर पंचायत और प्रतापगढ़ जिले के नगर पालिका परिषद बेल्हा सीट पर हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों ने जीत हासिल कर ली है। सैयदराजा नगर पंचायत सीट पर हुई मतगणना में भाजपा प्रत्याशी आभा जायसवाल ने निर्दलीय प्रत्याशी इशरत खातून को अट्ठानव्वे वोटों से मात दे दी वहीं, नगर पालिका परिषद बेल्हा सीट पर भाजपा प्रत्याशी प्रेमलता सिंह ने सात हजार चार सौ छिहत्तर वोटों से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राजकुमार सिंह उर्फ राय साहब को हरा दिया।

**********

रेलवे की पहल पर प्रदेश के प्रवासियों के लिए भी महाकुंभ में शामिल होने की राह आसान हो गई है। मध्य रेलवे ने प्रदेश के प्रयागराज में होने वाले महाकुंभ मेले के लिए चौंतीस विशेष रेलगाड़ियां चलाने की घोषणा की है। यह मेला तेरह जनवरी से छब्बीस फरवरी तक चलेगा। ये विशेष रेलगाड़ियाँ मुंबई, पुणे, नागपुर और अन्य शहरों से चलाई जायेंगी। कुंभ मेले के लिए विशेष रेलगाड़ियों की टिकट बुकिंग बीस दिसंबर से शुरू होगी। इन विशेष रेलगाड़ियों में बिना आरक्षण के भी यात्रा की जा सकेगी। वहीं, महाकुंभ मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने चार एक्सप्रेस ट्रेनों के दस जनवरी से अट्ठाइस फरवरी तक नैनी स्टेशन पर दो मिनट के अस्थाई ठहराव का निर्णय लिया है। यह जानकारी पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

**********

वाराणसी के दीनदयाल उपाध्याय जिला अस्पताल को अपग्रेड कर चार सौ तीस बेड का अस्पताल और चिकित्सा महाविद्यालय बनाया जाएगा। इस संबंध में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री बृजेश पाठक ने आज एक समझौता ज्ञापन–एमओयू पर हस्ताक्षर किया। यह एमओयू स्वास्थ्य विभाग और दमानी ग्रुप के बीच हुआ है। इस मौके पर प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा भी मौजूद रहे।

**********

मौसम विज्ञान विभाग ने अगले पांच दिनों तक प्रदेश में मौसम के शुष्क रहने और देर रात एवं सुबह के समय कहीं कहीं हल्के से लेकर मध्यम कोहरा छाए रहने की संभावना जताई है। विभाग द्वारा जारी दैनिक मौसम पूर्वानुमान बुलेटिन के अनुसार इस दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भी कोई बड़ा बदलाव नहीं आएगा। इस बीच, कल देर रात और आज सुबह प्रदेश में कई स्थानों पर घने कोहरे का असर देखा गया। पूर्वी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में मंगलवार को सबसे अधिक अधिकतम तापमान बहराइच जिले में छब्बीस दशमलव चार डिग्री सेल्सियस रहा और पिछले चौबीस घंटे के दौरान सबसे कम न्यूनतम तापमान अयोध्या जिले में छह डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

**********

शाहजहांपुर जिले के बरेली फरुर्खाबाद स्टेट हाईवे पर बीती रात मदनापुर थाना क्षेत्र में हुई एक सड़क दुर्घटना में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गये। दुर्घटना उस समय हुई जब एक कपड़ा व्यापारी परिवार सहित कार से दिल्ली जा रहे थे और सामने से आ रहे जानवर को बचाने के प्रयास में उनकी कार ट्रक में जा घुसी।

**********

लखनऊ में हुई कांग्रेस कार्यकर्ता की मौत के मामले की जांच शुरू हो गई है। लखनऊ कमिश्नरेट के मध्य क्षेत्र की उपायुक्त रवीना त्यागी की अगुवाई में पुलिस के एक दल ने कांग्रेस के प्रदेश मुख्यालय पहुंच कर आज मामले की छानबीन की। इस प्रकरण में लखनऊ के हुसैनगंज थाना क्षेत्र में मुकदमा दर्ज कराया गया है। गोरखपुर निवासी कांग्रेस कार्यकर्ता की कल संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। वह कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित प्रदर्शन में हिस्सा लेने लखनऊ गया था।

**********